# सेंट मोंटफोर्ट स्कूल, भोपाल

## गुड़ फ्राइडे के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा

आज दिनांक 13 अप्रेल 2017 को सेंट मोन्टफोर्ट विद्यालय ,पटेल नगर में गुड़ फ्राइडे के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया । दसवीं 'स' के विद्यार्थियो द्वारा आयोजित इस प्रार्थना सभा में एक लघु नाटिका द्वारा येशु मसीह के जीवन की घटनाओं व उनके बलिदान के बारे में बताया गया । इसमें गुडफ्राइडे का महत्व व उसकी ऐतिहासिकता पर प्रकाश डाला गया । प्रार्थना सभा में बताया गया कि गुडफ्राइडे को '' गुडफ्राइडे'' क्यों कहा जाता है। छात्रों द्वारा प्रार्थना गीत '' आलेलुया'' की सुरीली प्रस्तुती दी गई । छात्र अक्षद पैठणकर द्वारा '' क्रास ऑफ दा क्राइस्ट '' पुस्तक की पुस्तक समीक्षा की गई । अंत में यह संदेश दिया कि जिस तरह येशु ने उनके साथ बुरा करने वाले सभी अपराधियों को क्षमा किया उसी तरह हमें भी क्षमा के गुण को अपनाना चाहिए ।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर टी. एलेक्स ने अपने संदेश मे येशु मसीह के त्याग के बारे में बताया तथा विद्यार्थियों को येशु मसीह के आदर्शो को अपना कर उनके दिखाए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।

प्राचार्य